CON 78

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**उच्चश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक ८ अगस्त २०२१

[**समय** : सुबह १०-३० बजे से दोपहर १-१५ बजे तक]

**[मौखिक परीक्षा की अवधि मिलाकर]**

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठपर लिखिए।

---

अंक

**प्रश्न १. निम्नलिखित गद्य अवतरणो में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :—** १५

(अ) "मेरी देह तो पाथर हुई गई है रे, कैसे सरकी ?"

(ब) "भाई पॉलिश नहीं करानी है। ले, यह पाँच रुपये रख ले।"

(क) "सबसे आगेवाल उनका नेता होता है। वही उड़ने की रफ्तार और दिशा तय करता है। उनके पंखों को बाकियों से ज्यादा मेहनत करनी होती है।"

(ड) "एक महाभारत अभी घर पर झेलनी है..... क्या पकाना है ? ओफ हो ! लेबर-सी जिंदगी हो गई है। दिनभर रिपोर्टिंग के लिए धक्के खाओ..... घर पहुँचो तो.....।"

**प्रश्न २. निम्नलिखित पद्य पंक्तियों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :—** १५

(अ) "गाँव मुझको मैं ढुंढ़ता गाँव को खो गए दोनों।
वर्षा कीं साँझ, बजाते शहनाई छिपे झींगुर।"

(ब) "काँप न, यद्यपि दसों दिशा में, तुझे शुन्य नभ घेर रहा है,
रूक न यद्यपि उपहास जगत का, तुझको पथ से हेर रहा है।"

(क) "जो अपने देश पर कटने का जज्बा ही न रखता हो,
वो चाहे कुछ भी हो सकता है, लेकिन, सर नही होता।"

(ड) "भारतभूमि के वंदन हित, राष्ट्रदेव के अभिनंदन हित,
जन-जन में चेतना जगाएँ। चलो आज हम दीप जलाएँ।"

[पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(अ) बरामदे में पहुँचते ही कौनसा दृश्य देखने पर शामनाथ की टाँगे लड़खडा गयी ?

(ब) "ईश्वर, कर्म, सत्य आदि के बारे में गांधीजी का चिंतन विचारणीय है।" पाठ के अनुसार स्पष्ट कीजिए।

(क) जुते पॉलिश करने वाले बालक के स्वाभिमान को लेखक ने किस प्रकार दर्शाया है ? विस्तृत विवेचन करे।

(ड) क्या स्त्रिया भी घुमक्कडी कर सकती है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(अ) "चिंता" कविता में कवि ने मनु की चिंता का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ब) "हिम" कविता के आधार पर हिमालय पर्वत की विशेषताओं और उसके ऐतिहासिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(क) "रामनाम" की महिमा का गुणगान संत नामदेवजीने किस प्रकार किया है ?

(ड) "संध्या सुंदरी" कविता में कवि निरालाजी ने सायंकाल का वर्णन किस प्रकार किया है ?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए :—** १०

(अ) निर्मल वर्मा ने प्रथम तथा द्वितीय पत्र में किन-किन बातों की चर्चा की है ?

(ब) टॉलस्टॉय के घर के दर्शन के बारे में लेखक ने किस प्रकार वर्णन किया है ?

(क) लेखक संजय सिन्हा ने "आत्मीय रिश्ते" में रिश्तों के बारे में क्या बताया है ?

**प्रश्न ६. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्ही पाँच के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—** १०

(अ) मुँह खिलना

(ब) कोरा जवाब देना

(क) बिदक जाना

(ड) भौचक्का रह जाना

(इ) झेंप जाना

(फ) टाँग अडाना

(ग) दिल धड़कना।

अंक

**प्रश्न ७. निम्नलिखित शब्द समूह में से किसी एक का भाव स्पष्ट कीजिए :—** ५

(अ) माँ की छोटी-सी काया सीमटकर बेटे के अलिंगन में छिप गई। माँ की आँखों में फिर आँसू आ गए। उन्हें पोंछती हुई धीरे से बोली "बेटा, तुम मुझे हरिद्वार भेज दो। मैं कबसे कह रही हूँ।"

(ब) आज आदमी सबके बीच रहकर भी सबसे अकेला हो गया है। सारे रिश्ते है, लेकिन दरअसल कोई रिश्ता नही बचा है।

(क) मैं जानती हूँ माँ, अपराध होता है। तुम्हारे दुख की बात भी जानती हूँ। फिर भी मुझे अपराध का अनुभव नही होता।

**प्रश्न ८. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही तीन सामासिक शब्दों का विग्रह करके उन समासों के प्रकार लिखिए :—** ३

| | | |
|---|---|---|
| (१) पाप-पुण्य | (२) अनुरूप | (३) शाकाहारी |
| (४) पंचतंत्र | (५) चलती-फिरती | (६) आत्मघाती। |

**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही तीन शब्दों का संधिविच्छेद लिखिए :—** ३

| | | |
|---|---|---|
| (१) पुस्तकालय | (२) सदानंद | (३) रामावतार |
| (४) धर्मात्मा | (५) दीपावली | (६) वातावरण। |

**प्रश्न ९. कोष्टक में दी गई सूचना के अनुसार किन्ही तीन के उत्तर लिखिए :—** ३

(अ) हाँ बेटा कई बार उससे भी ज्यादा
(उचित विरामचिन्हों का प्रयोग किजिए।)

(ब) बस्ती के लिए यह तुफान प्रत्यय बनकर आया था।
(अपूर्ण वर्तमान काल में काल परिवर्तन किजिए।)

(क) लेकीन माँ सबसे आगेवाला जदा मेहणत करती है।
(वाक्य शुद्ध करके लिखिए।)

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों में प्रत्यय जोडकर शब्द बनाइए :—
(१) मास (२) मानव (३) वर्णन।

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए :—
(१) सुपुत्र (२) कमजोर (३) परलोक।

**प्रश्न १०.(अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही तीन वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए :—** ३

(१) किसकी व्यथा छा गई, बन घटा ...................... है घिरा।

(२) मिट्टी से जो छीन लिया है, वह तज देना ...................... नहीं है।

(३) रची-बसी हो ...................... की गंध में याद आती हो।

(४) हिमगिरी के उत्तुंग शिखर पर, बैठे शिला की ...................... छाँह।

(५) वीरगति को प्राप्त हुए जो, हर जवान के ...................... पर।

[ पलटकर देखिए

अंक

**(ब) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे है :—** ३

**(किन्ही तीन प्रश्न के उत्तर अपेक्षित हैं)**

(१) "बाकी पैसे बाबूजी को देने है।"

(२) "क्यों, भूख न हो तो दूध पिया जाता है ?"

(३) "आषाढ़ का पहला दिन और ऐसी वर्षा माँ।"

(४) "बहुत लेट हो गई हो, ऐसा भी क्या ऑटो था।"

(५) "तो अभी बिलकुल अकेले हो ?"

---

CON 79

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**उच्चश्रेणी परीक्षा**

**दूसरा प्रश्नपत्र : निबंध लेखन, पत्र-लेखन, सार-लेखन, अनुवाद इ.**

रविवार, दिनांक ८ अगस्त २०२१

[**समय** : दोपहर २-०० से ४-३० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक दूसरा (अ) छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखे।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

अंक

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ३०० शब्दों का निबंध लिखिए :—** २०

(अ) उद्योगों पर कोरोना बीमारी का कहर।

(ब) शिक्षा पद्धति में परिवर्तन की आवश्यकता।

(क) पुस्तक की आत्मकथा।

(ड) नैसर्गिक आपत्ती : जीवन की एक चुनौति।

(इ) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर १५ से २० पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा कहानी से प्राप्त सीख बतलाते हुए कहानी को उचित शीर्षक दीजिए :—**

एक किसान ........... चार लड़के ........... चारो झगडालू ........... किसान ........... तथा गाँव के बड़े-बूढो द्वारा समझाना ........... किंतु लड़को का न मानना ........... किसान का तंग आ जाना ........... अंत में एक तरकीब ........... एक-एक लड़के को एक-एक लकडी देकर तोडने को कहना ........... लकड़ियों का टूट जाना ........... बाजार में से एक लकड़ियों का गठ्ठर लाना ........... लड़को से गठ्ठर तोडने को कहना ........... न टूटना ........... तरकीब की सफलता ........... लड़को के आचरण में परिवर्तन आ जाना।

**प्रश्न २. (अ) निम्नलिखित हिंदी अवतरण का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :—** १५

अनुशासन मानव जीवन को सामाजिक नियमों से बाँधता है। मनुष्य को अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नियमों का पालन करना पड़ता है। पढ़ाई, खेल, मेल-मिलाप, क्लब इत्यादि सभी जगह के कुछ नियम है। इन्ही नियमों में रहकर कार्य करना अनुशासन है।

विद्यार्थी समाज की नई पीढ़ी है। यही आगे चलकर देश के आकाश में तारों की तरह प्रकाशमान होंगे। अनुशासनहीन छात्र समाज की बुराइयों का शिकार हो जाता है। बड़ों का निरादर, अध्यापकों की बात न मानना, समय पर कार्य न करना, खेलते समय मित्रों से झगड़ना और अपने छोटे भाई-बहन से अपनी खेल वस्तुएँ न बाँटना, ये अनुशासित बच्चों के लक्षण नहीं है।

[पलटकर देखिए

अंक

(ब) निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी अवतरण का सरल हिंदी में अनुवाद कीजिए :— १५

Everyboby dreams of being or doing something in his life. We go to school to prepare ourselves for doing something in future. Some of my friends dream of being doctors and engineers.

I also have my dreams. I dream of becoming a doctor when I grow up. When I look around. I see many children and people suffering from so many diseases. Many of them are poor and hardly have any money to pay the doctor's fee or to buy medicines. They have to suffers and they are the ones who fall ill and sometimes die as they are not that strong.

In order to make my dreams become a reality one day. I have to study and do well. Then only I can help those who are less fortunate in life.

**अथवा**

प्रत्येक नाण्याला दोन बाजू असतात, कोणत्याही क्षेत्रात किंवा विचारधारेमध्ये साधक आणि बाधक असणे आवश्यक आहे. फक्त घटक भिन्न असतात. लोक संधीचा कसा उपयोग करतात यावर अवलंबून आहे. एखाद्या व्यक्तीला किती त्रास होतो, शिस्तीचे कौशल्य, लवचिकता, करिअरची प्रगती, शिक्षणाचे वातावरण, खर्चातील फरक आणि जर आपण ऑनलाईन शिक्षण आणि पारंपरिक शिक्षणामध्ये तुलना करत राहिलो तर यादी पुढे जाईल.

ज्या वातावरणामध्ये आपण राहतो त्या वातावरणाचा आपल्या मनावर खूप परिणाम होतो. ऑनलाईन शिक्षणामध्ये एका वर्गातील सुमारे ६० विद्यार्थी वर्गखोली बाहेर वेगळ्याच वातावरणात शिकण्यासाठी बसतात.

**प्रश्न ३.(अ) निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमुना) तैयार कीजिए :—** १५

सारस / सरिता जाधव, स्वामी विवेकानंद रोड, गिरगाँव, मुंबई से अपने मुहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल-भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए महानगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

अथर्व / आरती पाटील, समर्थनगर, नाशिकसे दैनिक समाचार-पत्र में वार्ताहर की नौकरी के लिए आवेदनपत्र लिखता / लिखती है ।

**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही सात शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—** ७

| | |
|---|---|
| (१) उपग्रह | (२) प्रजातंत्र |
| (३) जनसंख्या | (४) प्रादेशिक भाषा |
| (५) खाता | (६) स्वास्थ्य |
| (७) प्रस्ताव | (८) अस्थायी |
| (९) अधिनियम | (१०) धुलाई भत्ता। |

अंक

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही आठ शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए :— ८

| | |
|---|---|
| (१) Constitute | (२) Legal Affairs |
| (३) Commerce | (४) Advocate |
| (५) Motor Vehicle | (६) Narration |
| (७) Editor | (८) Ultimate |
| (९) Compound | (१०) Civil Defence. |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई सार लिखिए अथवा नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखकर सार को उचित शीर्षक दीजिए :–** २०

मनुष्य जहाँ जन्म लेता है वहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है। वहाँ से उसे स्वाभाविक प्रेम हो जाता है। वहाँ के लोग उसके जाने पहचाने हो जाते है। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते है और सभी का रहनसहन एकसा होता है। ऐसी दशा में वहाँ के लोगों से उसकी ममता का होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने को उत्सुक रहता है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिस देश में हमने जन्म लिया है, जिससे अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्तव्य है। देश की उन्नति में ही हमारी उन्नति है। यदि देश गिरी दशा में होगा तो न हम अधिक दिन संपन्न रह सकते है और न हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति सबको ममता की भावना रखनी चाहिए।

**प्रश्न–**

(अ) अपनी जन्मभूमि के प्रति कौनसी भावना रखना हमारा कर्तव्य है ? (४)

(ब) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ किसे कहा गया है ? (४)

(क) मनुष्य को जन्मभूमि से स्वाभाविक प्रेम क्यों होता है ? (४)

(ड) हमारी उन्नति किससे निहित है ? (२)

(इ) यदि हमारा देश गिरी दशा में होगा तो हमारी स्थिती क्या हो जाएगी ? (२)

(फ) देश के प्रति हम सबको कौनसी भावना रखनी चाहिए ? (२)

(ग) गद्य-खंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (२)